हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023

04 अमले ने चिकन-मटन की दुकानों पर मटन जब्त...



07 साठ लाख की लागत से अटल बिहारी वाजपेयी की ...





### जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम आमला में आयोजित होगा, जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# जिले में 4 स्थानों से 16 दिसंबर को शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

वंचित एवं अपेक्षित लोगों को केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में 16 दिसंबर को चार स्थानों से शुरू होगी। यात्रा के लिए जिले को सर्वसुविधायुक्त 4 आईईसी वैन प्राप्त हुई है, जो प्रतिदिन 2 ग्राम पंचायत में जाकर शासन की योजनाओं को प्रचारित करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम आमला में सुबह 11 बजे से आयोजित होगा।

उक्त जानकारी कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर दी गई। कलेक्टर ने कहा कि यात्रा के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं सहयोग अपेक्षित है। बैठक में विधायक मधु गहलोत, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर, जनप्रतिनिधि भैरू सिंह चौहान, कैलाश कुंभकार, हरिनारायण यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

#### यात्रा एक दिन में दो पंचायत का करेगी भ्रमण

कलेक्टर ने बताया कि विकसित भारत



संकल्प यात्रा की आईइसी वैन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्वागत प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन, संकल्प वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन, मेरी कहानी मेरी जुबानी लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख, तकनीकी सत्र के रूप में ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत तकनीक आदि की जानकारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी विजेता को पुरस्कार सम्मान आदि कार्यवाही होगी। यात्रा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 01:30 बजे तक एक पंचायत एवं दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक एवं आवश्यकता अनुसार रात्रि तक दूसरी पंचायत में संचालित होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखंड बडौद में 16 दिसंबर को ग्राम पंचायत बराह से शुरू होकर सुहागढ़ी पहुंचेगी।

विकासखंड आगर में ग्राम पंचायत आमला से शुरू होकर महुडिया पहुंचेगी, विकासखंड नलखेड़ा में ग्राम ताखला से शुरू होकर हिरनखेड़ी पहुंचेगी एवं विकासखंड सुसनेर में ग्राम बराई से शुरू होकर, गुराडिया सोयत पहुंचेगी। यात्रा एक दिन में निर्धारित रूट पर चलते हुए 02 पंचायत को कवर करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए जाएंगे तथा विभिन्न विभाग स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**आगर-मालवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में 16 दिसंबर से शुरू होगी। यात्रा का जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू एवं सफल आयोजन के लिए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों को गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण दिया गया। डीआईओ आरजू परिहार, एडीआईओ श्रेय भावसार एवं ई-गवर्नेंस प्रबंधक लखनसिंह ने नोडल अधिकारियों को आईईसी वैन कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने, होने वाले कार्यक्रम की जानकारी, फोटोग्राफ्स एवं वीडियों संबंधित पोर्टल पर दर्ज करने सहित अन्य दायित्वों से अवगत कराया।



# महाविद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों की आवाजाही से छात्राओं की सुरक्षा खतरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें समस्याओं का तत्काल निदान करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि नगर में स्थित शासकीय महाविद्यालय में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अध्ययन करने दूर-दूर से अपने गांव से यहां पहुंचते हैं। जब वे कॉलेज में पहुंचते हैं तो शिक्षकों की अनियमिताओं के चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। महाविद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों का लगातार आना बढ़ता जा रहा है जिससे कई छात्राओ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिससे उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ रही है। असामाजिक तत्व बिना कारण एवं बिना अनुमति महाविद्यालय परिसर में प्रवेश कर रहे हैं।

ज्ञापन में असामाजिक तत्वों का कॉलेज में प्रवेश निषेध करने एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस दौरान भाग संयोजक हुसैन दरबार, नगर महाविद्यालय सह प्रमुख कुलदीप चौहान, जिला कला मंच प्रमुख मनीष चौबे, जिला एसएफडी प्रमुख सुनील यादव, शासकीय महाविद्यालय अध्यक्ष कनिष्क नागर सहित कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

#### विद्यार्थी परिषद ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



### सीएम राइज में हुआ आर्ट ऑफ लिविंग मेघा योगा शिविर का आयोजन

**नलखेड़ा।** सीएम राइज शास. कन्या उमा विद्यालय नलखेड़ा में आर्ट ऑफ लिविंग शिविर मेघा योगा का तीन दिवसीय आयोजन 14 दिसंबर से 16 दिसम्बर तक किया जा रहा है। शिविर में विद्यालय की 100 छात्राएं भाग ले रही हैं। गुरुवार को शिविर के प्रारंभ में मां सरस्वती एवं गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर का पूजन अर्चन किया गया। इसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग की कोआर्डिनेटर भावना सोनी एवं श्रीमति स्वीटी द्विवेदी का पुष्पहार द्वारा विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी,उप प्राचार्य शान्तिलाल राठौर,शिविर प्रभारी रामलाल पाटोदिया ,शिविर संयोजक मुकेश चौरसिया,श्री मति श्रेष्ठा चौरसिया, जीशान अली संजय वेदिया एवं मंगलेश भाटी ने किया। शिविर में भावना सोनी ने सुखी ,स्वस्थ्य,कुशल जीवन के अनमोल टिप्स दिए। शिविर में सुदर्शन क्रिया एवं लयबद्ध सांस लेने की क्रिया के बारे में भी बताया गया। स्वीटी द्विवेदी ने विभिन्न प्रकार की योग क्रियाएं करवाई। शिविर के अगले दो दिनों में तनाव एवं खिंचाव के बीच खुश रहकर जीवन का आनंद किस प्रकार लिया जाए इसके बारे में बताया जाएगा।




### सीएम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क परिवहन सेवा शुरू




**नलखेड़ा।** सीएम राइज शास. कन्या उमा विद्यालय नलखेड़ा में शासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क परिवहन व्यवस्था शुरू कर दी गई है। विद्यालय परिसर में बसों का विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने विधिवत पूजन किया। इसके बाद बसों द्वारा विद्यार्थियों को अपने-अपने घर बसों द्वारा पहुंचाया गया। शुरुआत में बसों में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी सफर किया। बसों द्वारा विद्यार्थियों के लिए बस रूट सेमलखेड़ी, लटूरीगेहलोत, पचलाना, ताखला, गढ़िया, कुशलपुरा, कबुली एवं लाड़ोंन बनाए गए हैं। जहां से बस द्वारा विद्यार्थियों को विद्यालय लाया जाएगा एवं वापस घर छोड़ा जाएगा। निःशुल्क परिवहन व्यवस्था शुरू होने से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है।

# धार्मिक स्थल व अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदंड में ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग हो सकेगा

**आगर मालवा।** राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थान में निर्धारित मापदंड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउड स्पीकर/डीजे) आदि का उपयोग किया जा सकेगा। राज्य शासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण तथा लाउड स्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जांच के लिए सभी जिलों में उड़नदस्ते गठित किए जाएंगे। मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थल और अन्य स्थानों पर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के प्रावधानों तथा सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है। इसके तहत लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरूद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण तथा लाउड स्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जांच के लिए सभी जिलों में उड़नदस्ते नियमित और आकस्मिक रूप से धार्मिक और सार्वजनिक स्थानों जहां ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग होता है, का निरीक्षण करेंगे तथा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में अधिकतम 3 दिन में जांच कर प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। उड़नदस्तों में जिला प्रशासन द्वारा नामित अधिकारी, संबंधित थाने का प्रभारी तथा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नामित अधिकारी सदस्य रहेंगे। जिले के समस्त उड़नदस्तों का नोडल अधिकारी एक अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी स्तर का अधिकारी होगा, जिसे जिला कलेक्टर द्वारा नामित किया जाएगा। धर्म गुरूओं से संवाद और समन्वय के आधार पर लाउड स्पीकरों को हटाने का प्रयास किया जाएगा।

ऐसे धार्मिक स्थलों की सूची बनाकर जहां इन नियमों और निर्देशों का अनुपालन नहीं हो रहा है, जिला स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा कर पालन प्रतिवेदन आगामी 31 दिसंबर तक गृह विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। ध्वनि प्रदूषण के मामलों की सतत निगरानी के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध अनुसंधान विभाग) पुलिस मुख्यालय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी समय-समय पर लाउड स्पीकरों, डीजे आदि के अवैधानिक प्रयोग के संबंध में प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत करेंगे। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

#### ध्वनि प्रदूषण की जांच के लिए जिले में उड़नदस्ते गठित किए जाएंगे

### पिपलिया हमीर एकीकृत शासकीय मावि में किया गया योगाभ्यास



**आगर मालवा।** मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एकीकृत शाला मावि पिपलिया हमीर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रमा का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला योग प्रभारी दशरथ मसानिया उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित बच्चों व शिक्षकों का मार्गदर्शन कर योगाभ्यास कराया। शिक्षक बृजमोहन चोहान व ब्लाक योग प्रभारी श्यामलाल वर्मा के निर्देशन में बच्चों को योग सिखाया, मुख्य रूप से वृक्षासन, वीरभद्रासन, ताड़ासन, पद्मासन ,जानू शिरासन, पश्चिमोत्तासन, उष्ट्रासन, तितली आसन, शशकासन, मण्डूकासन, कुर्सी आसन एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया और प्राणायाम भी सिखाए। इस अवसर पर शिक्षक, दिनेश कुमार जैन, नीतू जाट, तोलाराम सोलंकी व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# बाबा बैजनाथ की रसीद काटकर की सदस्यता अभियान की शुरुआत

**आगर मालवा।** भारतीय किसान संघ जिला इकाई द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर के बड़ोद व आगर ब्लॉक इकाई की बैठक नवीन कृषि उपज मंडी स्थित किसान भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा ने की। मुख्य अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष डूंगर सिंह सिसोदिया थे। जिला कोषाध्यक्ष प्रमोद जोशी, जिला मंत्री राघुसिंह चौहान भी मंचासीन रहे। इस अवसर पर सिसोदिया ने सदस्यता अभियान की महत्ता एवं आवश्यकता पर बात की जिला अध्यक्ष तेजरा ने अपने संबोधन में कहा कि 15 दिसंबर से सदस्यता अभियान के प्रथम चरण की शुरुआत होना है। हमने पहले भी 49000 सदस्य बनाकर प्रदेश में नंबर वन स्थान प्राप्त किया था। इस बार हमें 1 लाख सदस्य बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर एक इतिहास रचना है। सदस्यों ने जयकारा लगाकर उनकी बात का समर्थन किया।




चौहान ने कहा कि लक्ष्य के बिना मंजिल प्राप्त नहीं की जा सकती। जिला प्रवक्ता जोशी ने संबोधन में कहा की सदस्यता संगठन का मुख्य आधार है हर 3 वर्ष में हमारी सदस्यता होती है इस बार जिले का कोई भी गांव सदस्यता से ना छूटे यह प्रयास हमें करना है। बैठक के बाद सभी पदाधिकारी बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचे जहां पर बाबा बैजनाथ की पूजा अर्चना कर प्रथम रसीद बाबा बैजनाथ की काटी गई और प्रभु से प्रार्थना की गई कि हमारा जिला सदस्यता अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आए। इस अवसर पर सह मंत्री गोपाल चौधरी, आगर ब्लॉक अध्यक्ष धारा सिंह झाला, बड़ोद ब्लॉक अध्यक्ष विक्रमसिंह आंजना, जिला पदाधिकारी शंकर सिंह ,रमेश लवंशी ,गोविंद शर्मा, शिवनारायण आर्य, नागु सिंह,श्याम पाटीदार, ईश्वर सिंह, राम सिंह, गोवर्धन शर्मा सहित मण्डल व ग्राम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### उपद्यान तप की तपस्वी इति मुणोत की शोभायात्रा निकली



**नलखेड़ा।** नगर की प्रतिष्ठित मुणोत परिवार की बेटी कु. इति द्वारा 47 दिन की उपद्यान तप की कठिन तपस्या पूर्ण करने पर नगर में उनकी शोभायात्रा निकाली गई। समाज जनों द्वारा तपस्वी का बहुमान भी किया गया। आचार्य भगवंत मालव भूषण नवरत्न सागर सुरीश्वर म.सा. के शिष्य आदर्श रत्न सागर सुरीश्वर महाराज साहब की शुभ निश्रा में भवानी मंडी राजस्थान में संपन्न हुई उपद्यान तप की तपस्या में नगर की बेटी तथा मुणोत परिवार की धर्म दीपिका कु.इति अनुपम श्रद्धा मुणोत ने उपद्यान तप की आराधना निर्विघ्न पूर्ण की है। गुरुवार को तपस्वी की शोभायात्रा प्रेमचंद जितेंद्रकुमार सकलेचा के निवास (जनता बुक स्टोर) से निकल गई जिसमें तपस्वी को सुसज्जित बग्घी में बिठाया गया था। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों व महिलाओं द्वारा भाग लिया। प्रमुख मार्ग से शोभायात्रा मंदिर जी पहुंची जहां पर तपस्वी द्वारा परमात्मा के दर्शन किए। समाजजनों द्वारा तपस्वी का बहुमान भी किया गया।

# नगर में प्रमुख मार्गों से निकली अक्षत कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

गुरुवार को नगर के प्रमुख मार्गों से अयोध्या से आई मंत्रित अक्षत कलस यात्रा विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के बैनर तले नगर में निकाली गई। यात्रा में महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में मौजूद थे। नगर में जगह जगह कलश यात्रा का हल्दी कंकु तिलक से पूजन कर स्वागत किया। यात्रा का नगर में नलखेड़ा रोड राजवाड़ा से प्रवेश हुआ जो बजरंग मोहल्ला, पीपलचौक, झंडा चौक, स्वामी दयानन्द मार्ग, पुराने बस स्टैंड पहुंची। यात्रा में आगे आगे बेंड बाजे पर धार्मिक गीत बजाये जा रहे थे तो वहीं बजरंग दल के कार्यकर्ता अपने हाथो में भगवा ध्वज फहराते हुए यात्रा में चल रहे थे। वहीं जय श्रीराम के जय घोष भी लगाते युवा चल रहे थे। नगर के प्राचीन कनकेश्वर मंदिर है पर यात्रा का समापन हुआ एवं प्रसाद वितरण किया गया। यात्रा में जिला मंत्री विनोद कौशल, जिला गौरक्षा प्रमुख लखन गौड़, प्रखंड अध्यक्ष प्रभु लाल मालवीय, शंकर लाल कुमरावत,लखन गुर्जर, धर्मेंद्र पाटीदार, देवकरण गुर्जर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नगरीय व पंचायत उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी 5 जनवरी को मतदान

**आगर-मालवा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के उप निर्वाचन-2023 उत्तरार्द्ध के निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर से शुरू होगा। नाम निर्देशन-पत्र 22 दिसंबर तक लिए जाएंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जांच 23 दिसंबर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसंबर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा। पंचायतों में मतदान 5 जनवरी को सुबह 7 से 3 बजे तक और नगरीय निकायों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगा। नगरीय निकायों की मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 9 जनवरी को सुबह 9 बजे से होगी। पंचायत उप निर्वाचन में पंच पद के लिए मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र में ही होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की ईव्हीएम में की जाने वाली मतगणना 9 जनवरी को संबंधित विकासखंड मुख्यालय पर सुबह 8 बजे से की जाएगी।

### 17 दिसंबर को 2 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

# एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित हो : कलेक्टर राघवेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

मप्र राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 17 दिसंबर को आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 जिले में पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की जाए। यह निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में परीक्षा संबंधी बैठक लेकर अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिए केंद्रों पर सभी तैयारियां शीघ्र पूर्ण कर ली जाए। परीक्षा के दिन केंद्र पर कड़ी निगरानी रखी जाए। परीक्षार्थियों की अच्छे से चेकिंग कर ही प्रवेश दिया जाए। सभी केंद्रों पर लोक सेवा आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कड़ाई से किया जाए। बैठक में बताया कि राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 जिले में 17 दिसंबर को दो परीक्षा केन्द्र मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल व शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आगर में आयोजित होगी। इन परीक्षा केन्द्रों पर 538 परीक्षार्थी दो सत्रों में परीक्षा देंगे।



#### परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निर्देश

अभ्यर्थी अपने साथ प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त कोई एक मान्य फोटो युक्त मूल पहचान-पत्र अवश्य लाएं। बिना मान्य पहचान-पत्र के परीक्षा-कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मान्य पहचान पत्रों मतदाता परिचय-पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस,पासपोर्ट आदि शामिल है। अभ्यर्थी परीक्षा-कक्ष में उपस्थिति-पत्रक पर हस्ताक्षर करेंगे एवं निर्धारित स्थान पर अपने बाएं हाथ के अंगूठे का अथवा बाएँ हाथ का अंगूठा न होने पर दाएँ हाथ के अंगूठे का निशान अवश्य लगाएंगे।

#### यह रहेंगी वर्जित वस्तुएं

परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग रोकने के लिए परीक्षा-कक्ष में जूते-मोजे पहनकर प्रवेश वर्जित होगा। अभ्यर्थी चप्पल व सैंडल पहनकर आ सकते हैं। चेहरे को ढककर परीक्षा-कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। एसेसरी जैसे- बालों को बांधने का क्लचर, बक्कल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मेटेलिक/चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स/वॉलेट, टोपी आदि वर्जित है बैठक में एसडीएम आगर सत्येंद्र बैरवा एसडीएम सुसनेर मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, जिला शिक्षा अधिकारी सभी परीक्षा केंद्र प्रभारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मोटराइज्ड ट्राईसाइकल पाकर खिले दिव्यांगजनों के चेहरे



**आगर मालवा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस अंतर्गत सामर्थ्य प्रदर्शन कार्यक्रमों की श्रंखला में 14 दिसंबर को केंद्र सरकार की एडीप योजना अंतर्गत चयनित 6 दिव्यांगजनों को स्वीकृत बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राईसाईकल प्रदान की गई। कार्यक्रम विधायक आगर मधु गेहलोत, जनप्रतिनिधि भेरू सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, ओम मालवीय के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने चयनित दिव्यांग जनों को हेलमेट व पुष्प माला पहनाकर बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्राईसाईकल प्रदान की।

**खबर संक्षेप**

## 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी व कोच रवाना



**देवास।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2023 स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 16 से 23 दिसंबर 2023 आयोजित की जाएगी। खिलाडियों के कोच प्रिंस सरोनिया ने बताया कि प्रतियोगिता हेतु रवाना हुए ये दोनों खिलाड़ी देवास कराटे फिटनेस एकेडमी में दिन-रात मेहनत करते है। स्कूल गेम्स द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में ब्लॉक, जिला, संभाग, राज्य में हर जगह प्रथम स्थान पर रहे। अब ये खिलाड़ी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए उज्जैन संभाग के लक्ष्य रमेश कौशल केरला पब्लिक स्कूल देवास एवं खुशी जीवन चौहान हिमालय एकेडमी देवास रवाना हुए। खिलाडियों का उत्साहवर्धन हेतु देवास जिला कराते संघ के सचिव प्रवीण ढोबले, रमेश कौशल मित्र मंडल ने खिलाडियों, कोच एवं मध्य प्रदेश टीम के जनरल मैनेजर घनश्याम करोले का पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## कलेक्टर से मुलाकात कर समस्या बताई

**देवास।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं मिनी कार्यकर्ता सहायिका संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधीश ऋषव गुप्ता से मिलकर आंगनबाड़ी बहनों की समस्याओं को अवगत कराया । पदाधिकारियों ने बताया कि आंगनवाड़ी में कार्य करने वाली कार्यकर्ता सहायिका मिनी कार्यकर्ता है शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिलाते हुए विभाग के कार्य में बच्चों का पोषण स्तर सुधार के लिए कड़ी मेहनत करती है अधिकतर आंगनवाड़ी में कार्य करने वाली कार्यकर्ता सहायिका आंगनवाड़ी के मानदेय पर निर्भर रहती है। बच्चों की फीस एवं घर खर्च में जरूरत आदि इसी मानदेय पर निर्भर करती हैं लेकिन इन बहनों का मानदेय समय पर नहीं मिल रहा है आज दिनांक तक नहीं आया। तीन तीन माह से भवन किराया मंगल दिवस फेक्सीफंट नेट बैलेंस यूनिफॉर्म की राशि समय पर नहीं आ रही थी। विभाग ने रजिस्टर पंजी बंद करने के बाद नेट के पैसे देने का प्रावधान दिया।

### मुख्यमंत्री के आदेश के बाद खुले में बिक रहे मांस, मटन की दुकानों पर की कार्रवाई

# अमले ने चिकन-मटन की दुकानों पर मटन जब्त कर किया नष्ट, काटे चालान

**नवागत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहर में विभिन्न स्थानों पर खुले में बिक रहे मांस, मटन और चिकन की दुकानों को लेकर मुख्यमंत्री ने आदेश दिए हैं, इसके बाद कार्रवाई भी शुरू हो गई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश के नवागत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी पहली ही केबिनेट बैठक लेकर बड़े निर्णय लिए, इन निर्णयों ने सबकों चौका दिया। चर्चा होने लगी कि इन निर्णय का पालन हो पायेगा या नही? शहर में विभिन्न स्थानों पर खुले में बिक रहे मांस, मटन और चिकन की दुकानों को लेकर मुख्यमंत्री ने आदेश दिए। आदेश के बाद गुरूवार को नगर निगम ने खुले में बिक्री कर रहे व्यापारियों पर कार्यवाही की। लेकिन कुछ लोगो का कहना है कि कार्यवाही प्रभावी रूप से नही हो पाई। जब मुख्यमंत्री के आदेश है तो देखना है कि निगम प्रभावी कार्यवाही करता है या दिखावा।

निगम द्वारा ईदगाह मस्जिद स्थित शुक्रवारिया हाट, जवाहर नगर, बावडिय़ा में लगी मांस की दुकानों पर कार्यवाही की। शासन निर्देशानुसार चिकन, मटन,मछली व अण्डे का विक्रय खुले मे करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाने के निर्देश दिये गये। शासन के निर्देशो के पालन मे महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा आयुक्त रजनीश कसेरा को निगम सीमा क्षेत्र की चिकन मटन की खुले मे बिक्री करने वाले व्यवसाईयो पर सख्त कार्यवाही किये जाने जाने के निर्देश दिये गये। जिसके अन्तर्गत गुरूवार 14 दिसम्बर को निगम की टीम द्वार शुक्रवारिया हाट स्थित रईस मुबारिक की चिकन मटन की दुकान, शारीक शब्बीर की दुकान, अमजद शेख अकरम शेख की दुकान , इन्दौर रोड स्थित राजा टावर के सामने दरबार वेज एण्ड नानवेज रेस्टोरेंट, बावडिया स्थित अरसान चिकन की दुकान पर कार्यवाही की। उक्त दुकानो से लगभग 35 किलो चिकन का मटन जप्त किया जाकर फिनाईल से विनिष्टीकरण किया गया एवं नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 253, 254, 255 के अन्तर्गत रूपये 8 हजार की चालानी की कार्यवाही भी की गई। तथा अण्डे की रेहडी वाले दुकानदारो को भी समझाईश दी गई की वे मुख्य मार्गो पर खडे न रहें। कार्यवाही के दौरान विशेष रूप से उपस्थित एसडीएम बिहारीसिह, बरोठा नायब तहसीलदार राकेश पगारे के साथ निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्रसिह ठाकुर, दरोगा अबरार पठान सहित निगम की टीम उपस्थित रही।





# कलेक्टर गुप्ता ने भू-अर्जन के संबंध में ली बैठक

**समीक्षा कर कार्रवाई करने के दिए निर्देश**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में भूअर्जन के संबंध में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एसडीएम देवास बिहारी सिंह, एसडीएम सोनकच्छ संदीप शिवा, एसडीएम खातेगांव प्रवीण प्रजापति, एसडीएम बागली आनंद मालवीय, एसडीएम कन्नौद अभिषेक सिंह, एसडीएम टोंकखुर्द कन्हैयाल तिलवारी तिलवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर गुप्ता ने भूअर्जन के संबंध में अनुभाग स्तर पर समीक्षा कर निर्देश दिये की जिले में जहा भी कार्य चल रहा है, वहां से अतिक्रमण हटाकर संबंधित ऐजेंसी को भूमि का कब्जा दिलाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना, इंद्रा सागर परियोजना, पार्वती नदी परियोजना सीहोर, कालीसिंध परियोजना फेस वन और फेस टू, हाटपीपल्या परियोजना, देवास जिले से जा रही रैलवे लाईन के लिए भूअर्जन एवं अवार्ड के भुगतान, नेशनल हाईवे इन्दौर-हरदा, एमपीआरडीसी उज्जैन और जल निगम नेमावर-कन्नौद-खातेगांव परियोजना की समीक्षा की और शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

## जिला पंचायत देवास की साधारण सभा व स्थायी समिति की बैठक 26 दिसंबर को

**देवास।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति ने बताया कि जिला पंचायत साधारण सभा एवं स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया की अध्यक्षता में 26 दिसम्बर को दोपहर 02 बजे जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने सभी संबंधितों को बैठक में उपस्थित रहने को कहा है।

# निगम की टीम ने आवारा घूम रहे श्वानों को पकड़ने की मुहिम चलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम सीमा क्षेत्र में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए निगम की टीम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने की मुहिम निरंतर की जा रही है। इसके अंतर्गत 14 दिसम्बर गुरुवार को माताजी टेकरी पर निगम की टीम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने की मुहिम चलाई गई जिसके अंतर्गत माताजी टेकरी परिक्रमा मार्ग से निगम की टीम द्वारा 5 आवारा स्वानों को पकड़ने की कार्यवाही की गई। निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्यवाही जारी रहेगी। उल्लेखनीय है समय सीमा बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नगर निगम को निर्देश दिये थे कि देवास में माताजी की टेकरी पर कई स्थानों पर जो मलवा पडा है उसे हटाया जाये और आवारा श्वानों को पकड़ने की मुहिम चलाई जाए।

# पंचायतों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल शाखा कार्यालय ने विशेष अभियान के अंतर्गत सरकारी कार्यक्रम और योजनाओं के लिए भारतीय मानकों का उपयोग करने के लिए संवेदिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे जिला देवास के समस्त जनपद पंचायत से आए हुए सरपंच व सचिवों ने भाग लिया। कार्यक्रम ब्रजेश पटेल, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत देवास एवं एल.पी. सिंह पंचायत समन्वयक की उपस्थिति में आयोजित किया गया।उद्घाटन भाषण के दौरान विपिन भास्कर वैज्ञानिक-सी /उप निदेशक भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल शाखा कार्यालय ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अनुरूपता मूल्यांकन, हॉलमार्किंग, अपने मानकों को जानें, विभिन्न मानक प्रचार गतिविधियों, ग्राम पंचायतों को भेजे गए पत्र आदि सहित बीआईएस की गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुति साझा की। बीआईएस द्वारा की गई नई पहलों पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने सभी विभागों से संबंधित उत्पाद विशेषतः पंचायत राज व ग्रामीण विकास से संबंधित मानकों की जानकारी दी। भास्कर द्वारा आईएसआई चिह्नित उत्पादों और हॉलमार्क आभूषणों की प्रामाणिकता की जांच करने के लिए उदाहरण के माध्यम से बीआईएस केयर ऐप का भी प्रदर्शन किया और शिकायतें भी दर्ज की प्रक्रिया को समझाया गया। ₹उपयोगकर्ता केंद्रित मानकों की सूची₹ भी दिखाई गई व संबंधित महत्वपूर्ण मानकों पर भी चर्चा की गयी। जिला पंचायत सीईओ, सरपंच व सचिवों ने जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से संलग्न होने पर बीआईएस द्वारा की गई पहल के प्रयासों की सराहना की । उन्होंने उपभोक्ता सुरक्षा और गुणवत्ता आश्वासन सुनिश्चित करने में संस्था द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा।

# एड्स दिवस पखवाड़ा में मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




जिले में विश्व एडस दिवस पर जन जागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। एड्स दिवस पखवाड़ा अंतर्गत जन जागरूकता के लिए देवास में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

जिसमें लोगो को एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स की रोकथाम के लिए लोगो को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूक करना था। जागरूकता कार्यक्रम में एचआईवी के 04 कारणों के बारे में जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम कर रेड रिबन बंधन सहित पेमप्लेट वितरण किया गया। इसी तारतम्य में जिला एड्स समिति द्वारा विश्व एड्स दिवस पखवाडा अंतर्गत केन्द्रीय विद्यालय बीएनपी देवास एवं प्रिज्म जानसन लिमिटेड देवास में एचआईवी/एड्स, टीबी, रक्तदान, एसटीआई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ प्रतिभा श्रीवास्तव एआरटी केन्द्र मेडिकल आफिसर द्वारा एचआईवी/एड्स के 04 कारण, बचाव, उपचार तथा आईसीटीसी केन्द्र एवं एआरटी केन्द्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

एसएनएसएस फाउन्डेशन के स्किल डेवलपमेंट के छात्र/छात्राओं द्वारा एचआईवी/एड्स पर जन जागरूकता के लिए अलग-अलग स्थानों जैसे बस स्टेंड देवास, उज्जैन चौराहा व सैयाजी गेट पर नुक्कड नाटक आयोजन कर ट्रेनिंग सेंटर से बस स्टेंड तक जन जागरूकता रैली भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन दिशा/डापकूस्टॉफ अजय भावसार, शोभी गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर एआरटी स्टॉफ वंदना मेहमा, प्रिती बारोड, विभा शर्मा एवं अमलतास एआरटी स्टॉफ उपस्थित था।

# शिक्षक नहीं सुधार पा रहे हैं बच्चों कि पढ़ाई का स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के भविष्य के साथ पदस्थ शिक्षक-शिक्षिकाएं खिलवाड़ करते हुए नजर आ रहे हैं। लगातार ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। जहां पर बच्चों की शिक्षा का स्तर काफी कमजोर मिल रहा है, जिसके कारण स्कूल में आने वाले बच्चों की ठीक से पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

देवास जिले के बागली विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एनपी सिंह के द्वारा जनशिक्षा केन्द्र आमलाताज के अंतर्गत के स्कुलो का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान शासकीय स्कूलों के अध्यनरत बच्चों का शिक्षा स्तर काफी कमजोर पाया गया। एनपी सिंह ने बताया किशा.प्रा. स्कूल टप्पा सुकलिया, माध्यमिक स्कूल डोकरखेड़ा, गुसठ , प्राथमिक विद्यालय कनेरिया, भोपापुरा, बारोली, डोकरखेड़ा, भैरूपुरा का निरीक्षण किया गया,इस दौरान माध्यमिक स्कूल टप्पा सुकलिया, प्राथमिक विद्यालय भैरूपुरा में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का शिक्षा का स्तर काफी कमजोर पाया गया। बाकी स्कुलो का स्तर सामान्य रहा। एनपी सिंह ने बताया कि जिन स्कुलो का स्तर कमजोर है, वँहा अतिरिक्त कक्षाओ का संचानल करे। सिंह ने तीन सप्ताह में बच्चो का स्तर सुधारे के निर्देश दिए।अन्यथा की स्थिति में संकुल प्राचार्य को वेतन रोकने के प्रस्ताव दिए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की

# विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश में 16 दिसंबर से होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में 16 दिसम्बर से आरंभ हो रही ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ के संबंध में कमिश्नर-कलेक्टर्स को मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ आरंभ की जा रही है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है।

26 जनवरी 2024 को यात्रा का समापन गणतंत्र दिवस पर होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ का सभी जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता तैयारी की जाएं, कहीं पर भी यात्रा की औपचारिकता न पूरी करें। यात्रा के सभी रूटों पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री स्वयं भी दिनांक 15 दिसम्बर को सभी जिलों के जनप्रतिनिधियों से अधिकारी-कर्मचारी व्यक्तिगत रूचि लेकर यात्रा में शामिल हों और यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप सभी वंचित और पात्र व्यक्तियों तक यात्रा के लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 16 दिसम्बर को उज्जैन से आरंभ हो रही ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ में भाग लेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि यात्रा में स्कूली बच्चों, महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाशक्ति और किसानों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाएं। ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ से फिट इंडिया के संदेश का भी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हों और जनसामान्य को पर्याप्त पोषण तथा एक्सरसाइज की आवश्यकता की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोबाइल वैन के जिलों में भ्रमण के लिए रूट चार्ट तैयार करें और जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद, स्थानीय विधायक सहित अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। यात्रा के लिए जिला, जनपद और पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी तथा वाहन प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी।

इसके साथ की पंचायत स्तर पर स्वागत समिति और उत्सव समिति का गठन भी होगा। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में क्रियान्वयन समिति गठित होगी। राज्य स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा राजस्व विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग समन्वय, मॉनीटरिंग आदि के लिए नोडल विभाग होंगे। भारत सरकार और पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार, डॉ. राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान,मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, दीपाली रस्तोगी, आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, नगर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

# पुस्तक-समीक्षा प्रतियोगिता में सेन थॉम एकेडमी ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उज्जैन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स (डीयूएसएससी) के द्वारा आयोजित पुस्तक- समीक्षा प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। देवास और उज्जैन जिले के 18 स्कूलों के प्रतिभागियों में से सेनथोमियंस अवनी खंडेलवाल और शांभवी मिश्रा अपने प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण के लिए प्रथम स्थान पर रहीं। उनके द्वारा चुनी गई पुस्तकें क्रमशः रवीन्द्रनाथ टैगोर की 'गोरा' और ऐनी फ्रैंक की 'फ्रॉम द डायरी ऑफ ए यंग गर्ल' थीं। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने कुछ स्थानों पर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। प्रतिभागियों को उनकी पसंद की किताब, अभिव्यक्ति, भाषा के उतार चढ़ाव और शारीरिक अभिव्यक्ति के आधार पर आंका गया।स्कूल प्रबंधन ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विजेताओं और संस्था सदस्यों को बधाई दी।

**खबर संक्षेप**

### वाणिज्य विभाग ने किया शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन

**सीहोर।** बुधवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के वाणिज्य विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण के अंतर्गत लगभग 80 छात्राओं के दल को भोपाल के बैरागढ़ स्थित संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट ले जाया गया। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग का इस संस्था के साथ एमओयू है जिसके अंतर्गत इस प्रकार की शैक्षणिक एवं शिक्षणैत्तर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। छात्राओं को संबंधित संस्थान में ले जाकर वाणिज्य एवं प्रबंध के विभिन्न उपयोग, विशेषताओं एवं छात्राओं के लिए आउट ऑफ़ क्लास रूम एक्टिविटीज़ के द्वारा नेतृत्व क्षमता, संप्रेषण कौशल, टीम मैनेजमेंट, रणनीति का विकास आदि से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से इनके व्यावहारिक उपयोग के बारे में जानकारी दी गई, जिसके द्वारा छात्राओं को स्वयं की प्रबंधकीय क्षमताओं के विकास के बारे में सहायता प्राप्त होगी। साथ ही विषय विशेषज्ञों के द्वारा इंटरेक्शन सेशंस आयोजित किए गए, जिसमें छात्राओं को उच्च शिक्षा के संबंध में उनके स्नातक के पश्चात उपलब्ध विभिन्न विकल्पों एवं संबंधित अवसरों के बारे में भी जानकारी दी गई।

## दो सगे भाइयों ने एक माह में तैयार की प्रतिमा, यह उपलब्धि लिम्का बुक में दर्ज कराने की तैयारी

# साठ लाख की लागत से अटल बिहारी वाजपेयी की 54 फीट ऊंची प्रतिमा बनकर तैयार, आवास कॉलोनी में होगी स्थापित

25 दिसंबर को भारतरत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर हो सकता है प्रतिमा का लोकार्पण।

कमल पांचाल ⏭ आष्टा

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे ऊंची प्रतिमा सीहोर जिले के आष्टा में बनकर तैयार हो चुकी है। यह प्रतिमा 54 फीट ऊंची है। यह देश में उन की सबसे ऊंची प्रतिमा है, जिसका अनावरण आष्टा नगर पालिका की प्रधानमंत्री आवास कालोनी में होगा। यह प्रतिमा दो से ढाई टन वजनी है और प्रतीमा को काफी मजबूती दी गई है। कलाकारों की ढाई से तीन महिनों की कड़ी मेहनत के बाद इसे तैयार किया गया है और संभावना है की 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व्रगीय अटल बिहारी वाजपेयी की जंयती पर इस प्रतिमा को पुराना इंदौर भोपाल स्थित प्रधानमंत्री आवास कालोनी में स्थापित कर लोकार्पण किया जाएगा।

### फिलहाल अभी कार्यक्रम तय नहीं है

54 फिट ऊंचाई की है प्रतिमा,प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में होगी स्थापित। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे ऊंची प्रतिमा इससे पहले मध्य प्रदेश के सागर जिले में थे। जिसकी ऊंचाई कुल 51 फिट की थी और जिसकी लागत लगभग 66 लाख रुपए थे।




**आष्टा।** 3डी मॉडल बनाकर अटल जी की प्रतिमाओं के अलग-अलग सैंपल तैयार कर बनाई गई प्रतिमा।

लेकिन अब भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने का रिकॉड आष्टा नगरपालिका बनाने वाली है। आष्टा नगर पालिका की अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया की देश की सबसे ऊचाई वाली प्रतिमा आष्टा नगर पालिका स्थापित करने वाली है और यह प्रतिमा पुराना इंदौर_भोपाल मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास कालोनी में स्थापित होगी। प्रतिमा की ऊचाई 42 फिट है वही इसके प्लेटफार्म की ऊचाई 12 है जिसकी कुल ऊंचाई 54 फिट रहेगी और इसकी कुल अनुमानित लागत 60 लाख रूपए लगभग खर्च आएगा। वही आगामी 25 दिसम्बर को स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर प्रदेश के मुख्यमंत्री या केबिनेट मंत्री की मौजूदगी में प्रतिमा का अनावरण होने की संभावना है। लेकिन अभी तक कोई कार्यक्रम तय नहीं हुआ है।

### दो भाइयों ने तैयार की प्रतिमा, हूबहू चेहरा बनाने में लगा एक माह

आपको बता दें की शहर के दो कलाकार भाइयों राकेश कुशवाह और रवि कुशवाह की दिन रात की कड़ी मेहनत से यह प्रतीमा बनकर तैयार हुई है। प्रतिमा बनाने वाले राकेश कुशवाहा बताते हैं कि हम कई साल से प्रतिमा बनाने का काम करते आ रहे हैं।

इस बार हमे देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा बनाने का अवसर मिला। जिसको लेकर हमने और हमारे कलाकारों ने दो से ढाई माह की कड़ी मेहनत से बनाकर तैयार किया है। प्रतिमा को डिजाइन करने वाले रवि कुशवाह बताते है की प्रतिमा बनाना तो इतना मुश्किल नहीं था। लेकिन हुबहू अटल बिहारी वाजपेयी का चेहरा बनाना हमारे बड़ी चुनौती था। हमने प्रतिमा बनाने से पहले अटल जी का एक स्केच तैयार कर फिर 3D मॉडल बनाकर अटल जी का एक छोटा सा सैंपल तैयार किया। ताकि इतनी बड़ी प्रतिमा बनाने में आसानी हो सके। वही हूबहु चेहरा बनाने के दौरान एक माह का समय लगा और दो से तीन बार की कड़ी मेहनत से चेहरे को हुबूह आकार दिया गया।



**आष्टा।** इस तरह बनकर तैयार है पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा।



राकेश कुशवाह



रवि कुशवाह

### लिम्का बुक में दर्ज कराने की योजना

नपा सीएमओ राजेश सक्सेना बताया की यह प्रतिमा देश की सबसे बड़ी अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा होगी और बंगाल से आए 15 से 20 कलाकारों की ढाई से तीन महिनों की मेहनत से प्रतिमा को बनाकर तैयार किया गया। जिसमे फायबार और ग्लास का उपयोग किया गया। साथ ही प्रयास होगा कि देश की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित हो रही है तो लिम्का बुक में भी यह उपलब्धि दर्ज हो।

## ग्राम चाचाखेड़ी में फसलों पर इल्ली का प्रकोप किसान कर रहे कीटनाशक का छिड़काव



**आष्टा।** मौसम के कारण कहीं पर फसलों को फायदा हुआ है,तो कहीं पर नुकसान।

अनेक ग्रामों में गेहूं, चने की फसल पर इल्ली का प्रकोप हो गया है, जिसके कारण किसान कीटनाशक दवा का छिड़काव कर अपनी फसल को बचाने में जुटे हुए हैं। समीपस्थ ग्राम चाचाखेड़ी में फसलों पर इल्ली लगने पर किसानों द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

अनेक किसानों के खेतों में अब इल्ली खत्म होने लग गई है।लेकिन अनेक किसानों के खेतों में इल्ली का प्रकोप है। इल्लियों से फसल बचाने के लिए ही दवाई का छिडकाव कर रहें हैं।

## झगड़ालू स्वभाव छोड़कर वाणी में निर्मलता रखें : अभय मुनि

**आष्टा।**कोई गाली देता है और आप समता भाव रखते हैं तो छ माह की तपस्या के बराबर पुण्य मिलता है। झगड़ालू स्वभाव को शांत करना होगा। शब्दों से स्वागत करों, वाणी में निर्मलता रखें।मन में अशुभ भाव नहीं लाए, क्षमा भाव रखें। कोई भले आपको मारना चाहे तो भी क्षमा भाव रखें। सहनशीलता रखें। अशुभ भाव आने पर णमो सिद्धाणम जपे।

उक्त बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनिश्री ने आशीष वचन देते हुए कहीं।अभय मुनिश्री ने कहा कि कषाय को पतला करें,सव्वे पाप पणासनो। कषाय को घटाएं बिना पापों का नाश नहीं होता है।ईगो का दान करें। वर्तमान में दुःख और अशांति बढ़ रही है। ईर्ष्यालु , झगड़ालू, शंकालु और तृष्णालु । इसका इलाज कहीं नहीं है। लोभी व्यक्ति सदा दुखी रहता है। ईर्ष्यालु है तो झगड़ालू बन जाएगा। किसी के प्रति अशुभ भाव नहीं, लेकिन आपके मन में मेरे कारण अशुभ भाव आए क्षमा चाहता हूं। अपमान कर्म के कारण होता है। गिरीश मुनि जी ने कहा बिना संयम के मनुष्य भव जा रहा है,भाव रखें और श्रद्धा मजबूत करें कि पुनः मनुष्य भव मिले तो 8 वर्ष की आयु से संयम ग्रहण करु।मनुष्य भव क्या है ,मनुष्य भव बहुत ही दुर्लभ है, क्या इसकी कीमत अभी समझी जा रही है या नहीं। आज तक जीव अनंत बार जी लिया अनंत बार मर गया पर अभी तक मन नहीं भरा। मनुष्य भव ही एक ऐसा भव है जहां मोक्ष पाने की आराधना की जा सकती है। मनुष्य जन्म लेने के बाद स्वयं की बुद्धि का विकास कैसा है, यह स्वयं को विचार करना है ।जिसका समय धर्म में बीता वह सफल हो रहा है ।हम मनुष्य गति में आकर क्या कर रहे हैं।मोक्ष में जाने का शॉर्टकट संयम मार्ग है। संयम मार्ग पर चले बिना मंजिल नहीं मिल सकती ।

## साढ़े पांच हजार उपभोक्ताओं पर साढ़े तीन करोड़ का बिल बकाया

**आष्टा।** शासन द्वारा बिजली के बिल माफ करने की घोषणा के बाद से घरेलू विद्युत के अधिकांश उपभोक्ता अपना मासिक बिजली का बिल जमा नहीं कर रहे हैं। जिसके कारण विद्युत मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।दूसरी तरफ इस माह बकाया वसूली का लक्ष्य ढाई करोड रुपए दिया गया है और अभी तक मात्र 22 लाख रुपए जमा हुआ है। शासन की घोषणा के अनुसार अगस्त माह तक के बिजली के बकाया बिल स्थगित कर दिए गए थे जिसके कारण आष्टा नगर में

3 करोड़ 62 लाख के बिजली बिल स्थगित किए। अब तो उपभोक्ता बिल जमा भी नहीं कर रहे, वसूली के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। नित्य ही 15 से 20 विद्युत कनेक्शन बकायदारों के विच्छेद किए जा रहे हैं।

चुनाव से पहले एक किलो वॉट की क्षमता वाले घरेलू बिजली उपभोक्ताओं की 3 करोड़ 62 लाख रुपए की बिल राशि स्थगित की गई थी। इसके साथ ही आगामी माह की बिल राशि भी कई उपभोक्ताओं पर बकाया हो गई है। यह उपभोक्ता आगामी बिलों की राशि भी भरने में रुचि नहीं ले रहे हैं, जिससे बिजली कंपनी के अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हालांकि चुनाव खत्म होने के बाद अब बिजली कंपनी ने बकाया बिल की राशि की वसूली के लिए न-केवल अधिकारी-कर्मचारियों के टारगेट तय कर दिए हैं, बल्कि सख्ती के साथ उसकी वसूली के लिए भी दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।बिजली कंपनी के नए आदेश के मुताबिक अब कोई बिजली चोरी करते पकड़ा जाता है, तो उसका बिजली चोरी का प्रकरण बनाने के साथ ही उसके खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। आष्टा में हजारों बिजली उपभोक्ता हैं। इनमें से 45 फीसदी उपभोक्ता ही बिल की राशि नियमित रूप से भर रहे हैं, लेकिन 55 फीसदी उपभोक्ताओं द्वारा बिल की राशि भरने में रुचि नहीं दिखाई जा रही है। यही कारण है कि ऐसे उपभोक्ताओं पर आगामी महीनों की करीब 70 करोड़ से अधिक की राशि बकाया हो गई है। इस राशि की वसूली के लिए बिजली कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी घर-घर पहुंच रहे हैं। 12 दिनों में यह कर्मचारी सिर्फ 22 लाख की राशि ही मुश्किल से वसूल पाए हैं, जबकि 2 करोड़ 50 लाख से अधिक की राशि बिजली उपभोक्ताओं पर बकाया वसूलने का लक्ष्य दिया है।




अब तक बिजली चोरी के मामले में बिजली कंपनी के अधिकारी स्वयं बिजली चोरी का प्रकरण बनाकर जुर्माना तय कर देते थे, लेकिन अब इस मामले में बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र के थाना में भी उक्त व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। कंपनी द्वारा इस संबंध में एक नया आदेश जारी किया है। जिसके परिपालन में आने वाले समय में बिजली कंपनी के कर्मचारी चोरी का प्रकरण बनाने के बाद उसका प्रतिवेदन बनाकर थानों में भी भेजेंगे।

### बिजली कंपनी की सख्ती

अजय कुमार वाधवानी उपमहाप्रबंधक कार्यालय द्वारा आष्टा टाउन कार्यालय को पुनः निर्देशित किया है कि नवंबर माह वसूली में जो टारगेट मिला है उसे पूर्ण करना है।बिजली कंपनी भी अपने बकाया उपभोक्ताओं पर सख्ती से वसूली कर रही है। इसमें आष्टा शहर को वरिष्ठ कार्यालय से नवंबर माह 2023 में राजस्व वसूली का टारगेट 2 करोड़ 50 लाख रुपए का प्राप्त हुआ है ,जबकि अभी तक 22 लाख रुपए की वसूली हुई है। कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू ने बताया कि उप महा प्रबंधक अजय कुमार वाधवानी के निर्देश में लगातार डिसकनेक्शन की टीम द्वारा डिस्कनेक्ट कर रहे हैं जिसमें विजिलेंस राशि,ऑडिट राशि एवं मूल बकायादार उपभोक्ताओं की कनेक्शन लाइन विच्छेद की जा रही है एवं ऐसे बकायदार जिन्होंने बिजली बिल जमा नहीं किए हैं उन उपभोक्ताओं विद्युत कनेक्शनों को भी विच्छेद किये जा रहे है। कंपनी द्वारा प्रत्येक दिन 15- 20 कनेक्शन को डिस्कनेक्ट करने की कार्यवाही की जा रही है ।अतः उपभोक्ता से निवेदन है कि अपने लाइन को विच्छेद होने से बचे एवं लाइन विच्छेद होने पर कार्यालय द्वारा अतिरिक्त लगाई जाने वाली 340 की पेनल्टी से बचने के लिए तुरंत अपना बिजली का बिल जमा करें।

## 16 दिसंबर से शुरू होगा मलमास, नए वर्ष में 16 जनवरी से बजेंगी शहनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हिंदू धर्म में किसी भी मांगलिक कार्यों को करने के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखा जाता है। जिससे कि भविष्य में शुभ फलों की प्राप्ति हो। हाल में ही देवउठनी एकादशी के साथ 4 मास का चातुर्मास समाप्त हुआ है। इसके साथ ही शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्य शुरू हुए हैं । लेकिन दिसंबर माह के बीच में एक बार फिर से इन पर ब्रेक लग जाएगी। जो नए साल 2024 में 15 जनवरी से शुरू होंगे। इन पूरे एक माह की अवधि को खरमास या मलमासनाम से जानते हैं। पंडित मनीष पाठक बताते हैं कि 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो रहा है, जो नए साल में 15 जनवरी 2024 को मकर संक्राति के दिन समाप्त हो जाएगा और 16 जनवरी से शहनाईयां गूंजने लगेगी। ज्योतिषाचार्य डॉक्टर दीपेश पाठक के अनुसार सूर्य देव के एक राशि से दूसरे राशि में स्थान बदलने की प्रक्रिया को संक्रांति कहते हैं। 16 दिसंबर को सूर्य देव धनु राशि में प्रवेश करेंगे। जिससे खरमास लगा रहा है। नए साल 2024 में सूर्य देव 15 जनवरी को धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करेंगे, तो मकर संक्रांति पड़ेगी।

### मलमास में मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है

पंडित मनीष पाठक बताते हैं कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार खरमास को शुभ नहीं माना जाता है। इसलिए इस माह के दौरान कोई भी शुभ, मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है। इस दौरान हिंदू धर्म में बताए गए संस्कार, जैसे मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत, नामकरण, गृह प्रवेश, गृह निर्माण, नए व्यापार का आरंभ, वधू प्रवेश, सगाई, विवाह आदि कोई भी कार्य नहीं किए जाते हैं।

### जनवरी के लिए मैरिज गार्डन, धर्मशाला और होटल बुक

जनवरी 2024 माह में मकर संक्रांति के बाद शादियों का एक बार फिर से सीजन शुरू हो जाएगा। वहीं लोगों को बैंड-बाजों के साथ शहनाईयों की गूंज सुनाई देगी। जिन परिवारों में शादियां हैं, उन्होंने अभी से ही खरीदारी शुरू कर दी है। मैरिज गार्डन संचालक प्रेम कुमार राय मामा,अमित मूंदड़ा ,गणेश नामदेव बताते हैं कि जनवरी माह में होने वाली शादियों के चलते शहर के अधिकांश मैरिज गार्डन, धर्मशालाएं, होटल बुक हो चुके हैं।

## आराधना कर पुलक सागर महाराज के दीर्घायु होने की कामना की

# पुलक महिला जागृति मंच मेन ने उत्साहपूर्वक मनाया आचार्य पुलक सागर महाराज का 29वां दीक्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिनशरणम तीर्थ प्रणेता शांतिदूत की उपाधि से विभूषित पुलक महिला जागृति मंच के आशीर्वाददाता आचार्य भगवंत श्री पुलक सागर महाराज के 29 वें दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर गंज में अभिषेक, शांति धारा, आरती एवं आराधना पुलक एवं महिला जागृति मंच मेन शाखा द्वारा भक्ति भाव के साथ की गई। पुलक मंच के नरेंद्र गंगवाल, मनीष जैन साक्षी, दीपक जैन कंचन ने की।

वहीं महिला जागृति मंच मेन शाखा अध्यक्ष श्रद्धा गंगवाल आदि ने आराधना कर आचार्य पुलक सागर महाराज के दीर्घायु होने की कामना की।





**नेमिनाथ भगवान के दरबार में भी हुई शांति धारा :** महिला जागृति मंच की प्रीति जैन ने बताया कि आचार्य गुरुवर 108 श्री पुलक सागर जी महाराज के 29 वें दीक्षा दिवस के अवसर पर नेमिनगर स्थित श्री नेमिनाथ जिनालय में पुलक मंच मेन एवं महिला जागृति मंच मेन द्वारा प्रथम शांति धारा बोली के माध्यम से प्राप्त कर श्रीजी की शांति धारा अभिषेक जितेंद्र जैन जेके, भूपेंद्र जैन एवं सुनील जैन ने कर गुरुवर के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की ।

## अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम संपन्न

**खाचरोद।** खचरोद मंगलवार को ग्राम खाचरोद में अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम रखा गया। जिसमे 22 जनवरी को रामलला अयोध्या स्थित अपने नुतन भव्य मंदिर में विराजने वाले है इसी तात्पर्य में अयोध्या से रामलला के दर्शन के लिए आमंत्रण के पूजित व अभिमंत्रित अक्षत कलश को घर घर पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम के हनुमान मंदिर पर कलशों के पूजा अर्चना के उपरांत हनुमान चालीसा व महाआरती का आयोजन किया गया।

वही ग्राम रामपुरा,जसमत, छापर, रोलगांव, कन्नौद मिर्ची आदि गांव से आए विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के माथे पर रख कर कलश दिए गए जिनको नगर भ्रमण कराया गया। यह कलश कार्यक्रता अपने अपने गांव लेकर जाएंगे फिर वह गांव गांव प्रत्येक हिन्दू परिवार में आमंत्रण के अक्षत पहुंचाएंगे



कार्यकर्म के मुख्य अतिथि तरुण मुरारी बापू ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि आंदोलन कार सेवा से लेकर आज पूरा हिन्दू समाज जनमानस भगवान राम जी के स्वागत के लिए तैयार है सभी ग्राम वाशी 22 जनवरी को गांव के मंदिरों को भव्य सजाए व हर घर 5 दीपक अवश्य लगाए। इस मौके पर बजरंग दल जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, प्रांत सेवा प्रमुख गोपालदास राठी, समर्षता प्रमुख राजेंद्र सिंह टाक, जिला उपाध्यक्ष रेवाशंकर जाट, मंत्री राकेश कुमार विश्वकर्मा, संयोजक अशीष सिसोदिया, प्रखंड अध्यक्ष बलराम जाट, मंत्री भरोस जाट, संयोजक राम सिंह ठाकुर, नवीलाल जाट, धर्मेंद्र ठाकुर, रामपुरा कला मान सिंह ठाकुर, इलाई डीडी वैरागी, आके सिंह ठाकुर, पूर्व सरपंच बने सिंह ठाकुर, अनार सिंह ठाकुर, यशवंत पटेल, ज्ञान सिंह वर्मा, सरपंच छापर धर्मेंद्र धनगर, सरपंच रोलागाव वीरेन्द्र जैन, तिलक राम जाट, विकास जाट, दीपक जाट, सुमित जाट, अरुण जाट, सोहन सोनी, कैलाश बैरागी, कान्हा महेश्वरी, सुनील विश्वकर्मा धर्मेंद्र पंडित आदि लोग उपस्थित थे।

जिले के 150 आरोग्य केन्द्रों के बदले जाएंगे नाम, प्रक्रिया शुरू, अपलोड होंगे वीडियो और फोटो

# पंद्रह लाख की आबादी को स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने वाले केंद्र कहलाएंगे आरोग्य मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत केंद्रों का नाम बदल दिया है। इनका नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर किया गया है। केंद्रो के नाम बदलने के लिए दिशा निर्देश भी जारी किए जा चुके हैं। इस बाबत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चिट्ठी भेजी गई है। सरकार ने टैगलाइन में भी बदलाव किया है। केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों का नाम बदलने का फैसले पर अमल किया जाना है। केंद्रो को अब आयुष्मान आरोग्य मंदिरश के नाम से जाना जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस साल के आखिर तक इसे लागू करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जानकारी दी। राज्यों को आयुष्मान भारत- स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र एबी. एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर नए नाम वाले इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की तस्वीरें अपलोड करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि पत्र में यह स्पष्ट किया गया कि नए नाम वाले केंद्रों पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का निशान लोगो यथावत रखा जाए। हाल ही में भेजे गए इस पत्र में मंत्रालय ने कहा, ये केंद्र रुग्णता से आरोग्यता की ओर की सोच और स्वास्थ्य देखभाल प्रदायगी को ले जाने में सफल रहे हैं। अब एक



कदम आगे बढ़ते हुए तथा आयुष्मान भारत के सपने को साकार करने के लिए सक्षम प्राधिकार ने आयुष्मान भारत. स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने का फैसला किया है, जिसकी टैगलाइन आरोग्यम परमं धनम होगी। पत्र में कहा गया है कि नया नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर और टैगलाइन आरोग्यम परमं धनम को सभी संचालित एबी. एचडब्ल्यूसी के वर्तमान नाम आयुष्मान भारत. स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद की जगह रखा जाए। पन्त्र के अनुसार यदि ब्रॉडिंग के लिए देवनागरी हिंदी-अंग्रेजी के अलावा अन्य लिपियों का इस्तेमाल किया जाना हो तो उस नाम का राज्य की भाषाओं में सटीक अनुवाद किया जा सकता है, लेकिन टैगलाइन का राज्य की भाषाओं में किया जाए। पत्र में वर्तमान केंद्रों के नाम को बदलने के लिए प्रति केंद्र 3000 रुपये की धनराशि प्रस्तावित की गई है। पत्र के अनुसार केंद्रों के नाम को बदलने का काम पूरा हो जाने के बाद एबी. एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर नये नाम से उस केंद्र की तस्वीरें अपलोड की जाएं।

### 150 से अधिक आरोग्य केंद्रों की बदले की दशा

गुना शहर सहित ग्रामीण अंचलों में भी बड़ी संख्या में गांव के पास ही आरोग्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसका लाभ आसपास क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सेवा देकर पहुंचना है। 150 केंद्रों की दशा और दशा सुधारी जाएगी। जिले इन केंद्रों के माध्यम से जिले भर में 15 लाख से अधिक जनसंख्या को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं।

# सीमांकन होने के बाद भी शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को नहीं हटाया

हिन्दू संगठन राघौगढ़ अध्यक्ष ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ .

हिन्दू संगठन राघौगढ़ अध्यक्ष गुलाब सिंह गुर्जर ने प्रकरण क्र. 241/मू-अभिलेख/विविध/2021 द्वारा दिनांक 07.04.2020 द्वारा कस्बा राघौगढ़ स्थित शासकीय भूमि (मरघट भूमि) सर्वे क्र. 159, 161/1, 161/2, 168 एवं 169 का सीमांकन होने के पश्चात भी उक्त भूमि पर किये गये अतिक्रमण को न हटाये जाने को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि कलेक्टर द्वारा प्रकरण क. 241/भू-अभिलेख/विविध/2021 द्वारा दिनांक 07.04.2020 द्वारा कस्बा राघौगढ़ स्थित शासकीय भूमि (मरघट भूमि) सर्वे क्र. 159, 161/1, 161/2, 168 एवं 169 का सीमांकन शमशान घाट की भूमि का सीमांकन हो जाने के बाद भी आज दिनांक तक हो रहे अतिक्रमण को नहीं हटाया गया है। जिसके कारण और अधिक अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। पूर्व में माननीय जिलाधीश महोदय के आदेश से भूमि सर्वे क्रमांक 159 की भूमि 7 बीघा 4 विसवा एवं 161 की भूमि 17 बीघा 15 विसबा का सीमांकन कराया जा चुका है । लेकिन अभी तक उक्त अतिक्रमण पर कोई कार्यवाही नही की गई है। उक्त अतिक्रमण होने से जनता में भी अक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होनें आग्रह किया है कि उक्त सर्वे नम्बर भूमियों में हो रहे अतिक्रमण को जल्द हटवाएं।

# ओशो जन्मोत्सव पर ध्यान समारोह में संगीत की धुनों पर देर रात तक थिरके ओशो संन्यासी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

स्थानीय ओशो मित्र मंडल द्वारा एक होटल में ओशो के जन्मोत्सव पर ध्यान समारोह का आयोजन नृत्य, संगीत और विविध ध्यान प्रयोग से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनिरुद्ध सिंह सेंगर ने जानकारी देते हुए बताया कि संगीत की धुनों पर देर रात तक ओशो संन्यासी एवं प्रेमी थिरकते हुए उत्सव मनाते रहे, इस अवसर पर नटराज और जिबरिश ध्यान भी कराये गये। श्री सेंगर ने कहा कि ओशो का अर्थ होता है भगवत्ता को उपलब्ध व्यक्ति जिस पर आकाश फूलों की वर्षा करता है।

ओशो शब्द ओशनिक से लिया गया है जिसका अर्थ है सागर में विलीन हो जाना। सद्गुरु ओशो कहते हैं मैं चाहता हूं तुम्हें निर्धार करना। ऐसे निर्धार कि तुम पंख खोलकर उड़ सको। मैं तुम्हें सारा आकाश देना चाहता हूं। ओशो जीवन दृष्टि एक विराट कविता का ही बहुरंगी केनवास है जिसे समूचे अस्तित्व में व्याप्त चैतन्य रंगों से चित्रित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ ओशो के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से




हुआ। तत्पश्चात संगीत की धुन पर सामूहिक नृत्य के साथ जन्मोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर ओशो प्रवचन एवं ध्यान कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। देर रात तक चले इस आयोजन में गुना सहित अशोकनगर एवं राजगढ़ से ओशो संन्यासी व ओशो प्रेमी काफी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें स्वामी राम भारती, जीवन सहज, ध्यान अनिरुद्ध, प्रेम पयासा, प्रेम समर्पण, संजय भारती, बोधि संगीत, ध्यान दीपक, योग विमल, मा प्रेम अभिलाषा, ध्यान लहर, गौरव हितेश, नरोत्तम भारती, ध्यान अभिराज, मा प्रेम पल्लवी, चैतन्य नरेश, ध्यान प्रयास, इंद्रा शर्मा, मिथलेश सेंगर, निशा सिसौदिया, सुधा आचार्य, ममता शर्मा, विनोद श्रीवास्तव, शशिधर सिंह, अजय जैन, कमलेश शर्मा, रिचा जैन, कु प्रीति गुप्ता, कमलेश शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, राजीव जैन, अनीता जैन आदि प्रमुख हैं।

# पेंशनर-डे के लिए कलेक्टर एसपी को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत कर्मचारी संघ 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस का कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है, जिसमें 75 वर्ष पूर्ण करने वाली पेंशनर्स का गौरव सम्मान से सम्मान शाल एवं श्रीफल से किया जाएगा। घनश्याम श्रीवास्तव अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए कहा कि पेंशनर दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु मुख्य अतिथि के तौर पर तरूण राठी कलेक्टर एवं विजय खत्री पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम लगभग 20 वर्ष से अधिक निरंतर किया जा रहा है, जिसमें काफी संख्या में पेंशनर संघ के सदस्य संरक्षक एवं आजीवन सदस्य उपस्थित होते हैं। विगत कई वर्षों से मॉडर्न चिल्ड्रन हायर सेकेंडरी स्कूल सोनी कॉलोनी में डॉ श्वेता अरोरा द्वारा यह कार्यक्रम किया जा रहा है। पेंशनर दिवस पर पारिजात पत्रिका वृक्ष मित्र अभियान विशेषांक का विमोचन होगा।

### छेड़छाड़ के बाद राजीनामा करने बना रहे दबाव

**गुना।** चांचौड़ा थाना क्षेत्र के खातौली गांव में महिला के साथ छेड़छाड़ करने के बाद आरोपी उसके पति पर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं। शिकायत करने पहुंचे पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति और रिश्तेदारों ने एक दिन पहले मारपीट भी की है। बता दें विगत 30 सितम्बर को खातौनी निवासी मजदूर गांव के ही व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाने के लिए गया था। उसने ट्रैक्टर मालिक को टिफिन लेने घर भेज दिया। ट्रैक्टर मालिक ने उसकी पत्नि को अकेला देखकर उसके साथ छेड़छाड़ कर दी। कुछ दिनों तक फरियादियों ने जान से मारने की धमकी से भयभीत होकर शिकायत नहीं की थी। फिर विगत 6 अक्टूबर को पुलिस थाने में पहुंचे और पूरी घटना बयां कर दी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ईडब्ल्यूएस भावनाओं को आदिपत्र ग्रहण का कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

बुधवार को नगर पालिका परिषद राघोगढ़ विजयपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ईडब्ल्यूएस भावनाओं को आदिपत्र ग्रहण का कार्यक्रम निर्माण स्थल चैनपुरा पर आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में 34 हितग्राही को उनके आवास की चाबी सोफी गई योजना के अंतर्गत 396 अवास का निर्माण कर जारी है आगामी 15 दिवस में फिर से आवास मिला का आयोजन कर शेष हितग्राही को आदि पत्र मालिकाना हक दिए जाएगा। इस अवसर पर मुख्य नगर



पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव, उपाध्यक्ष रामस्वरूप मीणा, उपयंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी विशाल बाबू शर्मा ,पार्षद प्रतिनिधि गणेशाराम माली, ओम प्रकाश कोरी, सत्येंद्र सोनी ,विक्रम सिंह राजपूत, गौतम सिंह गुर्जर, अमित मेर,स्टाफ मौजूद रहा है।

# अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पठारी निवासी बच्चन लोधी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी छोटेलाल लोधी,अंकेश लोधी और सिरनाम लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराना बाजार अशोकनगर निवासी बंसत पुत्र सुरेशचंद्र जैन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी राहुल पुत्र अरविन्द जैन ने मकान खाली न करने की बात पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम राजतला निवासी सीमा बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी राजपाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत पछाडीखेडा रोड अशोकनगर निवासी रमनदीप सिंख ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी डोली सरदार, सुरजन सरदार, मग्गरसिंह, राजदीप, रंजीत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अथाईखेडा निवासी राजू यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी राधाकिशन शर्मा ने उसके घर मे घुसकर डंडो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फतेहाबाद निवासी सरोज बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी सौरभ यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महिदपुर निवासी छोटा कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी धर्मेन्द्र रघुवंशी और सोनू रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# कक्षा 11वीं और 12वीं की परीक्षा की गई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭नईसराय

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इन दिनो अद्र्ववार्षिक परीक्षाओ का आयोजन किया जा रहा है। इन परीक्षाओ मे छात्र छात्र शामिल हो रहे है। यह परीक्षाए 18 दिंसबर तक चलेगी। इन परीक्षाओ मे जो भी परीक्षार्थी कमजोर होगें उन बच्चो के लिए अलग से कक्षा लगाई जाएगी। ऐसे बच्चे की षिक्षा के स्तर को आंका जाएगा जो जिस स्तर से कमजोर होंगे उन्हे एबीसीडी के क्रम मे अलग से कक्षाए लगाई जाएगी। इन परीक्षाओ मे बोर्ड स्तर से प्रष्न पत्र आ रहे है।

# स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंतर्गत 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर




शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना अन्तर्गत यूपीएससी एवं पीएससी प्रारंभिक परीक्षा हेतु महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिये आज दोपहर 12.00 बजे ग्लोबल ट्रिक्स इंस्टिट्यूट के प्रबन्धक एवं मार्गदर्शक के द्वारा यह प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के शुभारम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद स्वरूप लहरिया एवं प्रशिक्षक नीरज शर्मा द्वारा मां शारदा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्वागत वक्तव्य देते हुये डॉ. लहरिया ने विद्यार्थियो को शासन की कॅरियर योजना के बारे में बताते हुये कहा कि विद्यार्थियों को महाविद्यालय में यूपीएससी एवं पीएससी की प्रारंभिक परीक्षाओं की जानकारी एवं विषयवस्तु को पढाना एक बहुत महत्वपूर्ण सार्थक सफल उद्देश्य सावित हो सकता है अगर विद्यार्थी इस प्रशिक्षण में ईमानदारी से सहभागिता करें तो।

नीरज शर्मा ने विद्यार्थियों को इन दोनों महत्वपूर्ण परीक्षाओं से होने वाली नियुक्तियों तथा पदों का विवरण देते हुये उन्हें एक सफल प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिये मार्गदर्शन दिया । उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यार्थी इन परीक्षाओं में सफल होकर एक बड़ा प्रशासनिक अधिकारी बन सकता है, उसके लिए सही मार्गदर्शन तथा समय प्रबन्धन महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अर्चना ने विद्यार्थियों को शुभकामनायें देते हुये उन्हें प्रेरणा प्रदान की। स्वामी विवेकानन्द प्रकोष्ठ की टीपीओ एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. योग्यता भार्गव ने पूर्व में समस्त प्रशिक्षण से हुये लाभ से परिचित कराया तथा उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि यह भी एक सफल प्रशिक्षण साबित होगा। डॉ. भार्गव ने बताया कि इस प्रशिक्षण का आयोजन 15 दिन तक होगा। इस अवसर पर लगभग 100 विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. जे.पी. अहिरवार, जन्तु विज्ञान विभाग डॉ. दीक्षा भट्ट, डॉ. रेखा शर्मा एवं डॉ. अरूणिमा सोनकिया आदि स्टॉफ के सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# महिला जैन मिलन ने गायों को औषधि युक्त लड्डू खिलाए




हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

बुधवार को महिला जैन मिलन अशोक नगर द्वारा 4 क्विंटल गुड़ के औषधि युक्त लड्डू गायों के लिए बनवाए गए। ईसागढ़ रोड राव सर चैराहा पर स्थित गौशाला जाकर गायों के लिए लड्डू खिलाए गए। सोनू भैया जो कि बीमार गायों की सेवा करते हैं देखरेख करते हैं उन्होंने अशोकनगर जिले की सभी गायों के लिए लड्डू बनवाए हैं। हम सभी वीरांगना बहनों ने सोनू भैया का तिलक लगाकर सम्मान किया। इस अवसर पर महिला जैन मिलन की अध्यक्ष वीरांगना दीप्ति जैन कासंल, मंत्री श्वेता जैन भोपाली, जॉन प्रभारी हर्षिता जैन संरक्षक अनीता महिदपुर, परामर्शदाता मीनू रोकडिया, ज्योति चैधरी, योगिता जैन, शशि जैन सिंघई, नीतू जैन, यीशु जैन कासंल, ममता जैन और उशा जैन आदि वीरांगना बहने उपस्थित रहीं और सभी महिला जैन मिलन ने दान राशि एकत्रित करके इस बड़े प्रोजेक्ट को सफल बनाया।

# उप निर्वाचन 2023 के लिए रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 (उत्तरार्द्ध) के सरपंच/पंच पद के निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये गये है। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत अशोकनगर के पंच पद हेतु तहसीलदार अशोकनगर को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार अशोकनगर (वृत्त-राजपुर),नायब तहसीलदार शाढौरा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर,पंच पद हेतु जनपद पंचायत ईसागढ़ के लिए तहसीलदार ईसागढ़ को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार ईसागढ़ (वृत्त-सारसखेडी),नायब तहसीलदार नईसराय को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर,सरपंच/पंच पद हेतु जनपद पंचायत चंदेरी के लिए तहसीलदार चंदेरी को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार चंदेरी (वृत्त-थूबोन को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा पंच पद हेतु जनपद पंचायत मुंगावली के लिए तहसीलदार मुंगावली को रिटर्निंग ऑफिसर एवं नायब तहसीलदार मुंगावली,नायब तहसीलदार पिपरई,नायब तहसीलदार बहादुरपुर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किये गये है। नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार समय सीमा में कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करेंगे।

# 2 जनवरी तक निर्वाचन व्यय लेखा दाखिल करना अनिवार्य

**अशोकनगर।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी.एस.धुर्वे द्वारा अभ्यर्थी निर्वाचन अभिकर्ताओं से आग्रह किया है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के निर्वाचन के परिणाम घोषित होने के 30 दिन के अंदर 02 जनवरी 2024 तक जिला निर्वाचन अधिकारी के पास अपने निर्वाचन व्ययों के लेखो की सही प्रतिलिपि दाखिल करना अनिवार्य है। उल्लेखनीय है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 (1) अंतर्गत राज्य विधानसभा अभ्यर्थी को उसके नामांकन की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख (जिसमें दोनो ही तिथियां सम्मिलित है) के मध्य उसके या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा उपगंत या प्राधिकृत किये गये सभी व्यय का पृथक एवं सही लेखा रखना अनिवार्य है। आयोग के निर्देशानुसार अपना व्यय लेखा रजिस्टर, भाग-1, भाग - 2 (नगद रजिस्टर) भाग-3 (चेक रजिस्टर), नोटराईज्ड शपथ पत्र अनुसूची सार, सत्यापित बिल व्हाउचर एवं बैंक स्टेटमेंट 20दिसम्बरर 2023 तक रिटर्निंग अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत करने का कष्ट करें। जिससे समय सीमा में अंतिम परीक्षण हो सके एवं कमियां / असहमति के संबंध में 29दिसम्बेर 2023 को आयोजित होने वाली जिला व्यय अनुवीक्षण समिति की बैठक में आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# मौला डेम के समीप वन विभाग की भूमि पर लगी तार फैसिंग टूटी नजर आई



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मौला डेम के समीप वन विभाग द्वारा वन भूमि पर कटीले तारों को लगाया गया था इसके लिए लगाए गए फैसिंग को तोड़कर कटीला तार अज्ञात लोग ले गए। यह नजारा वहां से गुजरते हुए आम लोग भी देख सकते हैं। परंतु वन विभाग के अमले का इस ओर ध्यान नहीं है न ही इन टूटे हुए तारो को वन विभाग द्वारा पुनः लगवाया गया है। यह पशु चराने वालों ने तोड़े हैं या अतिक्रमण करने की जुगत में ग्रामीणों ने इस तार फैसिंग को हटा दिया है। यहां पर वन विभाग द्वारा हर वर्ष पेड़ लगाए जाते हैं न ही वन भूमि पर पेड़ नजर आएं।